प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

28 सितंबर 2021

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) का समय - पूर्व मोचन – 29 सितंबर और 30 सितंबर 2021 (एसजीबी 2016 II और एसजीबी 2016-17 की श्रृंखला II) को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना का भारत सरकार की दिनांक 4 मार्च 2016 की अधिसूचना एफ.सं.4(19)-डब्ल्यूएंडएम/2014 (एसजीबी 2016 II- जारी करने की तारीख 29 मार्च 2016) और दिनांक 29 अगस्त 2016 की अधिसूचना एफ.सं. 4(7)- डब्ल्यूएंडएम/2016 (एसजीबी 2016-17, श्रृंखला II- जारी करने की तारीख 30 सितंबर 2016) के अनुसार, इस तरह के स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख से, जिस तारीख से ब्याज देय है, उस तारीख से पांचवें वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। अतः, उपरोक्त श्रृंखलाओं के समय-पूर्व मोचन की आगामी देय तारीखें क्रमशः 29 और 30 सितंबर 2021 होंगी। इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) प्रकाशित] के साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा।

2. तदनुसार, 29 और 30 सितंबर 2021 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य एसजीबी का ₹4652/- (चार हजार छह सौ बावन रुपये मात्र) प्रति यूनिट होगा, जो 20-24 सितंबर 2021 सप्ताह के लिए सोने के समापन मूल्य के साधारण औसत पर आधारित होगा।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/945